EDII

Rajasthan Patrika

June 17, 2016
Page No. 2

स्टार्टअप इंडिया पॉलिसी बनी ईडीआई कोर्स का हिस्सा

अहमदाबाद. उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए जारी स्टार्टअप इंडिया पॉलिसी को भारतीय उद्यमिता एवं विकास संस्थान (आईडीआई) ने अपने कोर्स का हिस्सा बनाने का ऐलान किया है। संस्थान के सहायक वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.सत्यरंजन आचार्य ने बताया कि पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट -बिजनेट एन्टरप्रिन्योरशिप (पीजीडीएम-बीई) कोर्स के तहत पढ़ाया जाएगा। विशेषकर सरकार की नीतियों की जानकारी देने वाले हिस्से में इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा संस्थान ने पीजीडीएम-बीई के इस कोर्स में फेमिली बिजनेस को वैकल्पिक नहीं बल्कि मुख्य विषय के रूप में पढ़ाने का भी निर्णय किया है। संस्थान ने स्टार्टअप के आइडिया को विकसित करने के लिए छह विद्यार्थियों को इस साल नौ लाख रुपए की आर्थिक मदद दी गई है।